भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 626 #
गुरुवार, 07 दिसम्बर, 2023/16 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ट्रैवलर्स मैप ऑफ़ इंडिया

626 # श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ट्रैवलर्स मैप आफ इंडिया योजना की शुरुआत की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो इस योजना के अंतर्गत देश में कुल कितने पर्यटन स्थलों का चयन किया गया है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश से कुल कितने स्थानों का चयन किया गया है; और

(घ) इस योजना से पर्यटकों को क्या-क्या लाभ मिले सकेंगें और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): सरकार ने देश में घरेलू पर्यटन के संवर्धन हेतु किसी भी ट्रैवलर्स मैप ऑफ इंडिया योजना की शुरूआत नहीं की है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय पर्यटकों को सूचना प्रदान करने के लिए ई-ब्रोशर फ्लिपबुक और पर्यटन मानचित्र सहित संवर्धनात्मक डिजिटल संपार्श्विक तैयार करता है। उक्त जानकारी मंत्रालय की प्रचार संबंधी वेबसाइट www.incredibleindia.org पर भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने भारत में घरेलू पर्यटन के संवर्धन हेतु देखो अपना देश पहल की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों में देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के बारे में जागरूकता का निर्माण, राष्ट्रीय गौरव और अपनेपन की भावना का सृजन एवं नागरिकों को देश में व्यापक रूप से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा पर्यटक आगमन में वृद्धि, स्थानीय स्तर पर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था का विकास एवं रोजगार पैदा करना है।

(ख) से (घ): प्रश्न नहीं उठता।

****